# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | **Monday, 14 September 2026**


# ईशा सिंह ने शूटिंग वर्ल्ड कप मे जीता गोल्ड, मनु भाकर ने दिलाया ब्रॉन्ज ; भारत का डबल पोडियम फिनिश

Sanket Morankar

Published on 27 Jul 2026



ISSF शूटिंग वर्ल्ड कप 2026 में भारत की महिला निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में डबल पोडियम फिनिश हासिल की। ईशा सिंह ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया, जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया।

फाइनल मुकाबले में ईशा सिंह ने 50 में से 40 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं चीन की यूयू झांग ने 37 अंक के साथ सिल्वर मेडल जीता। मनु भाकर ने दमदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।

क्वालिफिकेशन राउंड में मनु भाकर ने 586 अंक हासिल कर पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया था। वहीं ईशा सिंह 585 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंची थीं, लेकिन निर्णायक मुकाबले में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड जीत लिया।

ईशा सिंह पिछले दो वर्षों से लगातार शानदार फॉर्म में हैं। इसी वर्ष उन्होंने 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड भी बनाया था। अब शूटिंग वर्ल्ड कप का स्वर्ण पदक जीतने के बाद उनसे लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिए भारत की उम्मीदें और मजबूत हो गई हैं।

हांगझोउ में चल रहे ISSF शूटिंग वर्ल्ड कप की पदक तालिका में भारत अब दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। भारतीय टीम के खाते में अब 6 स्वर्ण पदक हो चुके हैं। ईशा सिंह ने इस टूर्नामेंट में अब तक 1 गोल्ड, 2 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज सहित कुल 4 पदक जीतकर भारत की सफलता में अहम योगदान दिया है।

भारतीय निशानेबाजों का यह प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की बढ़ती ताकत को दर्शाता है और आने वाली बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए टीम का आत्मविश्वास भी बढ़ाता है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.